1 OCT 3 2026.qxd 30-09-2026 23:03 Page 1

प्रवर्तन दलकी गाड़ीमें प्राइवेट चालकके नोट गिननेका वीडियो वायरल, पीटीओ निलंबित

रुपये गिनने वालेके खिलाफ मुकदमा, उप परिवहन आयुक्तको सौंपी गयी जांच

परिवहन विभाग ने प्रयागराज में प्रवर्तन कारवाई के दौरान भ्रष्टाचार और गंभीर लापरवाही के मामले में कारवाई की है।

सोशल मीडिया पर प्रवर्तन दल के सरकारी वाहन में एक प्राइवेट व्यक्ति द्वारा नोट गिनने का वीडियो वायरल होने के बाद, परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने यात्री, मालकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, वहीं दारागंज थाने में संबंधित प्रकरण को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। आरटीओ प्रवर्तन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने कारवाई की है।

इस घटना को लेकर आरटीओ कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों में दिन भर चर्चा होती रही। बता दें कि सोशल मीडिया में मंगलवार को प्रयागराज के प्रवर्तन दल के वाहन का एक वीडियो तेजी से प्रसारित हुआ था, जिसमें एक प्राइवेट व्यक्ति बैठकर खुलेआम कैश गिनता हुआ दिखाई दे रहा था। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन)द्वारा की गई प्राथमिक जा-च में सामने आया कि यह वाहन यात्री, मालकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान का अधिकृत प्रवर्तन वाहन था। गाड़ी के अंदर बैठकर नोट गिनने वाला व्यक्ति उक्त वाहन का प्राइवेट चालक पुष्पेन्द्र सिंह है। वीडियो में साफ देखा गया कि जहां प्राइवेट चालक नोट गिन रहा था, वहां न तो यात्री, मालकर अधिकारी मौजूद थे और न ही प्रवर्तन का अन्य सरकारी स्टाफ। उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) कानपुर द्वारा सौंपी गई जांच आख्या के परीक्षण में पाया गया कि प्रवर्तन कारवाई के दौरान प्राइवेट व्यक्ति के माध्यम से अवैध वसूली कराई जा रही थी। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि अधिकारी का अपने स्टाफ और वाहन पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं था। विभाग के अनुसार, इस कृत्य से परिवहन विभाग की छवि धूमिल हुई है और यह आचरण नियमों के विपरीत है। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने अनुशासनात्मक कारवाई करते हुए रणवीर सिंह चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान चौहान कार्यालय परिवहन आयुक्त लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध रहेंगे। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए उप परिवहन आयुक्त (नगर परिवहन) वीके सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्हें एक माह के भीतर जांच पू-री कर अंतिम रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। आरटीओ प्रशासन हिमेश तिवारी ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देशपर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जिसकी रिपोर्ट मिलने पर उचित कारवाई की जायेगी। दारागंज थाना प्रभारी हरिकेश राय ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है, जांच की जा रही है।

लोहेकी राडसे युवक पर हमला, जान से मारनेकी धमकी

करेली थाना क्षेत्र के गौस नगर नि-वासी २० वर्षीय मो. साद पर मंगलवार शाम लोहे की राड से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर करेली पुलिस गोलू उर्फ एहसान और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मो. साद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह २९ सितंबर की शाम करीब पांच बजे घर से बकरीदी गली किसी काम से जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए गोलू उर्फ एहसान और एक अज्ञात युवक ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लोहे की राड से हमला कर दिया। राड सिर में लगने से उसे गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सड़कों एवं चौराहोंपर जाम, लोग रहे परेशान

नगर में सड़कों एवं चौराहों पर लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। रोजाना दोपहर को एक साथ स्कूलों के छूटने के साथ ही हालात एकदम से बिगड़ जाते हैं। ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पुलिस कर्मियों को लाइटों के सिग्नल के बजाय मेन्युअल नियंत्रण करना पड़ता है। बुधवार की दोपहर को म्योहाल चौराहा से बेली रोड, धोबीघाट चौराहा, लोक सेवा आयोग चौराहा से हिन्दू हास्टल चौराहा तक वाहनों की लम्बी कतार लगी रही है। कटरा की तरफ जाने वाले मार्ग पर भी जाम की समस्या बनी रही है। वहीं स्कूलों के आस पास गलत पार्किंग से राहगीर परेशान रहे हैं। यही नहीं जानसेनगंज चौराहे से स्टेशन तक पूरे दिन हालात खराब रहे हैं। यहां सुबह से शाम तक सड़क के दोनों तरफ लोग अपने वाहन खड़ा कर देते हैं। साथ ही मालवाहकों के खड़ा कर देने से हालात और बिगड़ जाते हैं। कई किमी तक का सफर वाहन रेंगते हुये



करते हैं। घंटाघर से जानसेनगंज तक भी लोगों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इसकी वजह है कि सड़क के दोनों तरफ चार पहिया वाहनों को खड़ा कर बाजार में खरीदारी के लिए चले जाते हैं। इस दौरान चौड़ी सड़क संकरी गली में तब्दील हो जाता है। वहीं दूसरी तरफ पार्किंग की समस्या के निदान के लिए व्यापारियों की अधिकारियों से चर्चा होती रहती है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

अधिवक्ताओं ने मेयोहाल चौराहे पर किया प्रदर्शन

अधिवक्ताओं ने बुधवार को पुलिस प्रशासन के खिलाफ मेयोहाल चौ-राहे पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले फाफामऊ में पानी टंकी पर महिला चढ़ गई थी। उसका अधिवक्ता पति के साथ विवाद चल रहा है। पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया था। लेकिन, पुलिस ने अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ताओं को समझाते हुए शांत कराया और जल्द ही विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्रीके आगमनकी आहटसे ४१ साल बाद छोटा बघाड़ा चकाचक

मुख्यमंत्रीका कार्यक्रम टला, तीन अक्तूबरको आने की संभावना

प्रयागराज में एक अक्तूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की आहट पर फिलहाल पूर्णविराम लग गया है लेकिन छोटा बघाड़ा में उनके आगमन की



संभावना को देखते पूरा इलाका चकाचक हो गया। लोगों का कहना है कि सड़कं, नालियां, पेड़ों की कटाई, छटाई आदि ऐसा कार्य उन्होंने ४१ साल बाद देखा है। हालांकि बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अब तीन अक्तूबर को आ सकते हैं।

तेलियरगंज में एक अक्तूबर को महाशय मसुरियादीन की प्रतिमा का अनावरण, प्रिंटिंग टेक नालाजी परिसर में सभा और फिर छोटा बघाड़ा स्थित एनी बेसेंट विद्या मंदिर के शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की संभावना थी। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कोई प्रोटोकाल जारी नहीं हुआ था पर तेलियरगंज से लेकर छोटा बघाड़ा तक नगर निगम सहित संबंधित विभाग तैयारियों में तीन दिन तक जुटे रहे। पेड़ों की छटाई, सड़कों की धुलाई, रोड पटरी से दुकानदारों का हटाना, दीवारों एवं डिवाइडरों, बक्शीबांध आरओबी पर पेटिंग का कार्य किया जाता रहा। सबसे ज्यादा कार्य छोटा बघाड़ा में हुआ। लोगों का कहना है कि १९८४ जब अभिनेता अमिताभ बच्चन से इलाहाबाद(अब प्रयागराज)से चुनाव लड़ा था और उन्होंने छोटा बघाड़ा में एक जनसभा को संबोधित भी किया था, उस समय ही ऐसी सफाई और व्यवस्था देखने को मिली थी। वही व्यवस्था अब ४१ साल बाद देखने को मिली है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के आने की संभावना अब कम है, लेकिन उनके आने की आहट से काफी कार्य ऐसे हो गये, जो कभी नहीं हो सकते थे। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भी लोगों की कयासबाजी जारी है। सूत्रों के मुताबिक ऐनी बेसेंट विद्या मंदिर में शताब्दी वर्ष एक अक्तूबर से चार अक्तूबर तक मनाया जायेगा। संभावना है कि मुख्यमंत्री तीन अगस्त को कार्यक्रम में शिरकत कर सकते हैं।

नुक्कड़ नाटकके माध्यम से लोगों तक पहुंचायी सरकारकी उपलब्धियां

सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत भाजपाइयों ने बुधवार को विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचायीं। पार्टी नेताओं ने नुक्कड़ नाटक को जनता तक पहुंचने का सशक्त माध्यम बताया।

भाजपा प्रयागराज महानगर इकाई की ओर से आज सिविल लाइन मंडल के अन्तर्गत सुभाष चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नु-क्कड़ नाटक में शामिल कलाकारों ने रचनात्मक ढंग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान, पीएम जब धन योजना जैसी कई योजनाओं की जानकारी व उपलब्धियां प्रस्तुत की। इस दौरान लोगों ने रुचिकर ढंग से नुक्कड़ नाटक को देखा। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि नुक्कड़ नाटक जनता तक पहुंचने का माध्यम है और इसके जरिए सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाई जा रही हैं। अभियान के संयोजक डा. शैलेश पांडेय, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, आनंद श्रीवास्तव, अनुज कुशवाहा, मनोज श्रीवास्तव, रीता सिंह, प्रिया कैथवास, अजय श्रीवास्तव, हेमंत बनर्जी दादा, मंजेश श्रीवास्तव, संदी-प, चन्दन झा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

संगम तटपर श्रद्धालुओंने किया चतुर्थीका श्राद्ध

संगम तट पर पितृ पक्ष की चतुर्थी पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने चतुर्थी का श्राद्ध (जिसे चौथ का श्राद्ध भी कहते हैं) किया। श्रद्धालुओं ने उन पूर्वजों की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए श्राद्ध किया, जिनका देहावसान किसी भी महीने की कृष्ण पक्ष या शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को हुआ हो। यह श्राद्ध उन परिजनों को समर्पित है जिनकी मृत्यु चतुर्थी तिथि पर हुई हो। इस दिन पितरों की तृप्ति के लिए पिंडदान, तर्पण और ब्राह्मण भोजन कराया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष में अपनी तिथि के अनुसार श्राद्ध करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और उनका ऋण चुकता होता है। डा. पवन शुक्ला के अनुसार एक अक्तूबर को पंचमी का श्राद्ध तथा चंद्र षष्ठी व्रत, दो को षष्ठी तथा सप्तमी का श्राद्ध और तीन को अष्टमी का श्राद्ध तथा जीवत् पुत्रिका व्रत होगा। इसी क्रम में चार को मातृनवमी तथा श्राद्ध, पांच को दशमी का श्राद्ध, छह को एकादशी श्राद्ध, सात को कोद्वादशी श्राद्ध तथा यतक संन्यासी वैष्णव का श्राद्ध और मघा नक्षत्र कि श्राद्ध, आठ को त्रयोदशी श्राद्ध, नौ को चतुर्दशी श्राद्ध और दस को पितृ विसर्जन होगा।

फ्लैटके नामपर चिकित्साधिकारी से ऐंठे १२.६३ लाख रुपये

मेदांता अस्पतालके पास १-बीएचके दिलानेका दिया था झांसा, जातिसूचक गाली एवं धमकी देनेका आरोप

लखनऊ में मेदांता अस्पताल के पास कम कीमत में १-बीएचके फ्लैट दिलाने का झांसा देकर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जसरा के चिकित्साधिकारी से १२.६३ लाख रुपये लेने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। चिकित्साधिकारी अशोक कुमार सरोज की तहरीर पर कुलदीप पांडेय एवं ललित कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

घूरपुर के अमरोहा निवासी चिकित्साधिकारी अशोक कुमार सरोज नें पुलिस को दी तहीरर में बताया कि उनकी मुलाकात ललित कुमार के माध्यम से कुलदीप पांडेय से हुई थी। कुलदीप ने लखनऊ में मेदांता अस्पताल के आसपास कम कीमत पर फ्लैट दिलाने की बात कही। इसके बाद कई फ्लैट दिखाए गए। एक फ्लैट पसंद आने पर उसकी कीमत १२ लाख रुपये तय हुई। बैनामे के स्टांप और अन्य खर्चों के नाम पर ६३ हजार रुपये अतिरिक्त लिए गये। पांच फरवरी से सात जून २०२४ के बीच अलग-अलग तिथियों में कुल १२.६३ लाख रुपये कुलदीप के बैंक खाते में ऑनलाइन भेजे गए। आरोप है कि रकम लेने के बाद वह लगातार टालमटोल करता रहा। न फ्लैट का बैनामा कराया गया और न ही रकम वापस की गई। रुपये वापस मांगने पर आरोपित पर जातिसूचक गाली देने और शिकायत करने पर धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। इसके बाद मोबाइल नंबर ब्लाक कर संपर्क बंद कर दिया गया। चिकित्साधिकारी ने बताया कि ललित कुमार ने ही कुलदीप से उनका परिचय कराया था और उसी के भरोसे पर उन्होंने रकम दी थी। पीड़ित की ओर से पहले सिविल लाइंस थाने में शिकायत की गई थी। अब पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बैंक खातों में हुए लेनदेन समेत पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्लबमें दो पक्ष भिड़े, रंगदारी मांगने एवं चेन छीननेका आरोप

हिल्स हाई क्लबमें मारपीट एवं तोड़फोड़का मामला, दोनों पक्षोंकी तहरीरपर एफआईआर

सिविल लाइंस के नवाब यूसुफ रोड स्थित हिल्स हाई क्लब में २५ सितंबर की रात दो पक्षों में विवाद हो गया। क्लब के व्यवस्थापक ने युवकों पर जबरन प्रवेश कर स्टाफ से मारपीट, महिला कर्मचारी से अभद्रता, पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने और रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ का आरोप लगाया। वहीं दूसरे पक्ष ने क्लब के स्टाफ पर सोने की चेन छीनने और कमरे में बंद कर बेसबाल से पीटने का आरोप लगाया है। सिविल लाइंस पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है।

वाहनोंके भुगतान अटके, स्टोरसे नहीं निकल पा रहे ट्रान्सफार्मर

स्टोर से ट्रान्सफार्मरों को ले जाने और लाने के लिए लगे वाहनों का भुगतान न होने से बिजली संकट बन रहा है। सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में दिक्कत आ रही है। जहां ट्रान्सफार्मरों के फुंकने के बाद वाहन स्वामियों ने पुराने भुगतान की मांग की है। इससे कई दिन इलाके के फुंके ट्रान्सफार्मरों को बदला नहीं जा सका है। वाहन स्वामियों ने पु-राने भुगतान न होने पर ट्रान्सफार्मरों लाने और ले जाने में असमर्थता जतायी है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारी भी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

क्लब व्यवस्थापक दुर्गेश सिंह के मुताबिक, रात करीब ११:४५ बजे क्लब बंद करने की तैयारी चल रही थी। तभी देवांक वर्मा, आकाश राय, अंकित राय, मोहम्मद अर्स समेत १५-२० लोग पहुंचे। समय पूरा होने की बात कहकर सेवा देने से इन्कार करने पर सभी जबरन अंदर घुस गए। डीजे बंद कराने को लेकर विवाद हुआ और स्टाफ के साथ गालीगलौज व मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंची महिला कर्मचारी से भी अभद्रता की गई। आरोप है कि पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुए रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की गई। उधर, देवांक वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब नौ बजे दोस्तों के साथ क्लब गया था। करीब १०:३० बजे मित्र के फोन पर स्टाफ की ओर से बदतमीजी किए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद वह क्लब पहुंचा, जहां बातचीत के दौरान विवाद और हाथापाई हो गई। आरोप है कि इसी दौरान उसकी सोने की चेन छीन ली गई। सात-आठ लोगों ने उसे कमरे में बंद कर बेसबाल से पीटा। साथियों को फोन कर मदद मांगने पर मोबाइल भी छीन लिया गया और दरवाजा बंद कर दिया गया। देवांक ने सृजन पांडेय उर्फ भाष्कर पांडेय समेत अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

अधिवक्ताका टैबलेट चोरी, मुकदमा

खुल्दाबाद के चौफटका निवासी एक अधिवक्ता का टैबलेट चोरी हो गया। १६ सितंबर को न्यायालय में उनका टैबलेट छूट गया था। वापस लौटने पर वह गायब मिला। अधिवक्ता की तहरीर पर खुल्दाबाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अधिवक्ता अभिषेक पांडेय के मुताबिक, वह न्यायालय संबंधी फाइल देख रहे थे। इसी दौरान कोर्ट नंबर ४८ में केस आने की सूचना पर वह वहां चले गए। जल्दबाजी में उनका टैबलेट गैलरी में ही छूट गया। वापस आने पर नहीं मिला। आसपास तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला।

टैबलेट में न्यायालय से संबंधित फाइलों के अलावा निजी दस्तावेज, फोटो व अन्य महत्वपूर्ण डेटा सु-रक्षित था। खुल्दाबाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

हलाल प्रमाणन प्रणालीके खिलाफ निकाला जुलूस, बताया देश विरोधी

हलालाका लोगो लगा उत्पादन न खरीदनेकी अपील

हलाल नियंत्रण मंच की ओर से बुधवार को हलाल प्रमाणन प्रणाली के खिलाफ जुलूस निकालकर लोगों से हलाला लोगो लगा उत्पादन न



खरीदने की अपील की । मंच के पदाधिकारियों ने इस कानून को देश विरोधी करार दिया।

भारत में हलाल प्रमाणन प्रणाली के खिलाफ समाज को जागृत करने के लिए हलाल नियंत्रण मंच द्वारा आज हनुमत निकेतन से सुभाष चौ-राहे तक पदयात्रा निकाली गयी। इसमें समाज के प्रबुद्ध जन एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। पदयात्रा में शामिल लोग हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। इस दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता आम समाज विशेष कर गैर मुसलमानों से कि हलाला लोगो लगा उत्पादन न खरीदने की अपील कर रहे थे । हलाला नियंत्रण मंच ने इसके अलावा प्रतिदिन उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थ,सौंदर्य प्रसाधन, दवाइयां का भी बहिष्कार करने की अपील की।

मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि हलाला से जो मोटी रकम वसूली जाती है, वह इस देश की अर्थव्यवस्था की एक समांतर लाइन खड़ा करके धार्मिक कानून थोपने जैसा है। इस धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है । जिससे बहुसंख्यक समाज के अधिकार एवं रोजगार दोनों छीन रहे हैं।

यह इस देश में नहीं चलेगा। प्रदर्शन करने वालों में आशुतोष श्री-वास्तव, महेश सिंह, मनीष श्रीवास-तव, सुरेश शुक्ला, अमित सिंह,शुभम कुशवाहा,लवलेश बज-रंगी, श्याम, शिवम द्विवेदी, विजय पांडे, शिवदत्त मिश्र सहित विभिन्न समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आईजी ने चतुर्थ वाहिनी पीएसी परिसर का किया निरीक्षण

चतुर्थ वाहिनी पीएसी परिसर का बुधवार को पूर्वी जोन आईजी धर्मवीर ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वाहिनी बैंड, जिम, परिवहन शाखा, पुस्तकालय, पुलिस मॉडर्न स्कूल, आवास व प्रशासनिक भवन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

परिसर में पौधरोपण करने के बाद बाढ़ राहत व रेस्क्यू ऑपरेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आईजी ने सम्मेलन कक्ष में जवानों से सीधा संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य, समस्याओं व सुझावों की जानकारी ली और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रेरित किया। उन्होंने सोशल मीडिया पॉलिसी का अनुपालन करने और ड्यूटी के समय मोबाइल का अनावश्यक इस्तेमाल नहीं करने के सख्त निर्देश दिए। सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आईजी का स्वागत किया। इसके बाद सेरेमोनियल गार्द से उन्हें सलामी दी गई।

पैतृक संपत्तिपर कब्जेकी कोशिश, बुजुर्ग महिलाको धमकी

सीसीटीवी से निगरानी एवं गुंडा टैक्स मांगनेका आरोप

सिविल लाइंस के स्ट्रेची रोड स्थित पैतृक संपत्ति पर कब्जे की कोशिश और परिवार को धमकाने के आरोप में ८० वर्षीय बुजुर्ग महिला ने नरेश सागर समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि आरोपित संपत्ति छोड़कर चले जाने का दबाव बना रहे हैं। विरोध करने पर जान से मा-रने और परिवार को गायब कराने की धमकी दी जा रही है।

स्ट्रेची रोड निवासी श्रीमती शक्ति सागर ने पुलिस कोदी तहरीर में बताया कि नरेश सागर संपत्ति पर अनधिकृत कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें और परिवार के सदस्यों को लगातार परेशान और धमकाया जा रहा है। आरोप है कि मकान की दीवारों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर घर में आने-जाने वाले लोगों और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। परिसर के आसपास आशुतोष श्रीवास्तव, राजू, आत्माराम और गोस्वामी समेत कुछ लोगों का लगातार आना-जाना भी बताया गया है। इससे परिवार में भय का माहौल है। तहरीर में संपत्ति के संबंध में भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्टर लगाए जाने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने पोस्टरों के फोटो-वीडियो और सीसीटीवी से जुड़े साक्ष्य पुलिस को उपलब्ध क-राने की बात कही है आरोप है कि नरेश सागर समेत कई अज्ञात व्यक्तियों की ओर से संपत्ति खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है। तहरीर में हर माह गुंडा टैक्स मांगने और मांग पूरी नहीं होने पर पूरे परिवार को गायब कराने की धमकी देने का भी उल्लेख है। सिविल लाइंस पुलिस मुकदमा दर्ज कर जा-च कर रही है।

तारोंसे ह्टायी गयीं डालियां

बारिश के दिनों में सबसे अधिक बिजली लाइनों पर पेड़ों की टहनियों के गिरने और टकराने से बिजली व्यवधान की स्थिति बनती है। इसे देखते हुए नगर के अलग अलग हिस्सों तेलियरगंज, गोविंदपुर, लवकुश कालोनी, बेली में तारों के पास पेड़ों की डालियों की छटायी की गयी। इससे घंटों विद्युत व्यवधान बना रहा है। बारिश के दिनों में सबसे अधिक व्यवधान हरियाली वाले इलाकों में बनती है।

'स्वर लय उत्सव' में सितार, गीत-गजल, कथककी भावपूर्ण प्रस्तुति

प्रयाग संगीत समिति के शताब्दी वर्ष समारोह श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार की शाम को मेहता प्रेक्षागृह में 'स्वर लय उत्सव' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ अध्यापिका अर्चना दास के निर्देशन में विद्यार्थियों ने प्रार्थना 'जय जगदीश हरे' से किया। इसके पश्चात संगीत एवं नृत्य की विविध प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक एवं जीवंत बना दिया।।

अध्यापिका संगीता विश्वकर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम मंगलाचरण की प्रस्तुति की। विद्यार्थियों ने राग योग में आदित्य योग एवं आदि ताल में मंगलाचरण की सुंदर प्रस्तुति दी। इसमें कृति, अनुसूची, अनुश्री, हर्षिता राजपूत, क्रिस्टीना, सौम्या एवं सृष्टि ने प्रतिभाग किया।। इसके पश्चात अध्यापिका वृंदा अग्निहोत्री के निर्देशन में सितार वादन करते हुए विद्यार्थियों ने राग सरस्वती में विलम्बित एवं द्रुत बंदिशों की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में अनुराग, वेंकटेश, अंजलि, अनुशा, केसरी, गरिमा, स्वप्निल, सुमन, लता एवं श्वेता ने भाग लिया। इसी क्रम में डाक्टर आइना बसु के निर्देशन में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया। राग देश में स्वर विस्तार, सरगम गीत, द्रुत ख्याल, आलाप तथा विभिन्न रचनाओं के साथ कज-री एवं झूला की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। भाव संगीत विभाग की अध्यापिका उमा दीक्षित के निर्देशन में विद्यार्थियों ने गीत एवं



गजलों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। प्रस्तुत रचनाओं में 'ऐ मेरे हमदम', 'चांद किसी दिन पूछना' तथा 'मिल भी जाते हैं तो कतरा के निकल जाते हैं' प्रमुख रहीं। दुर्गेश नंदिनी के निर्देशन में कथक नृत्य की मनोहा-री प्रस्तुति हुई। इसमें रिया, वृष, सरिता, हर्षाली, वैभव, सविता, रिया गौतम, संवि, अनुष्का, सृष्टि एवं सेजल सहित अन्य विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। अंत में सिंथेसाइजर पर अध्यापक रेवती रमण चतुर्वेदी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने राग यमन एवं बिहार प्रस्तुति दी। इसमें रोहन, रेबीज, देवांश, कृतार्थ, अमोघ, आकर्षित, अनुराग, शौर्यवर्धन, मानस पांडे, शिवम निषाद, योगेश, रुद्राक्ष, रंजन, संदीप एवं समृद्धि सहित विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सचिव अरुण कुमार एवं रजिस्ट्रार प्रदीप कुमार ने प्रमाण-पत्र वितरित किया। इस अवसर पर समिति के सचिव अरुण कुमार, उपाध्यक्ष हर्षित कुमार एवं नीरज कुमार, रजिस्ट्रार प्रदीप कुमार, अधिकारी राजेश कुमार, अपर निदेशक अजय कुमार, सहायक निदेशक महेश्वर दयाल प्रभाकर, नवीन श्रीवास्तव, प्रभाकर दयाल एवं रेशमा अस्थाना सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

एक ही रात चचेरे भाइयोंकी दो बाइक चोरी

दारागंज थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात चचेरे भाइयों की दो बाइक पार कर दीं। दोनों बाइक घर के बाहर खड़ी थीं। सुबह गाड़ियां गाय-ब मिलने पर पीड़ितों ने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सौरभ यादव ने दारागंज थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी है। कच्ची सड़क नि-वासी सौरभ यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब दो बजे उनकी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इसी रात और लगभग उसी समय उनके चचेरे भाई राजू यादव का अपाचे बाइक भी चोरी हो गई। एक ही रात और आसपास के समय में दोनों बाइक चोरी होने से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठे हैं। पीड़ित ने पुलिस से दोनों बाइक बरामद कराने और अज्ञात चोरों के खिलाफ कारवाई की मांग की है। दारागंज पुलिस चोरों की तलाश की जा रही है।

प्रयागराजके संत समाजने किया 'गो सम्मान आवाहन अभियान' का समर्थन

गोहत्या की समाप्ति, गौमाता को राष्ट्र माता/राष्ट्र धरोहर का संवैधानिक सम्मान, तथा गौ संरक्षण के लिए केंद्र एवं राज्य स्तर पर प्रभावी संस्थागत व्यवस्था की मा-गों को लेकर देशभर में संचालित 'गो सम्-मान आवाहन अभियान' को तीर्थराज प्रयागराज के संत समाज ने समर्थन दिया है। सिविल लाइंस स्थित एक होटल में बुधवार को 'गौ-संत अमृत संगम-संतजन एवं गौसेवक समागम' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में संतों, धर्माचार्यों, गौसेवकों एवं विभिन्न पीठों और आश्रमों से जुड़े संतजनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अभियान में पूर्णत: समर्पित कृष्णायन गोशाला, हरिद्वार के अच्युतानंद स्वामी, मलूक पीठ के गोपेश कृष्णदास महाराज, गोपालन सरस्वती महाराज के साथ प्रयागराज से यमुना पुरी महाराज, देवरहा बाबा आश्रम से रामेश्वर प्रपन्नाचार्य शास्त्री महाराज, फलहारी बाबा आश्रम अरैल से अनेक संत, अलोपशंकरी मंदिर एवं श्री बड़े हनुमान मंदिर से महेंद्र पुरीमहाराज एवं अनिल पुरी महाराज, चक्र माधव मंदिर से महंत अवधेश महाराज, संत गढ़ आश्रम के उत्तराधिकारी राजाराम दास महाराज, परशुराम अखाड़े से परशुराम आचार्य महाराज एवं सर्वेश प्रधानाचार्य तथा सच्चा बाबा आश्रम से संतोष दास सहित तीर्थराज प्रयाग के अनेक संत मौजूद रहे। संगोष्ठी में इस विषय पर विचार-विमर्श हुआ कि तीर्थों के राजा प्रयागराज को गोसेवा के क्षेत्र में अग्रणी एवं देश के लिए प्रेरणादायक केंद्र के रूप में कैसे विकसित किया जाए। संतजनों ने गोसेवा, गो संरक्षण एवं गो सम्मान से जुड़े जनजागरण कार्यों को समाज के व्या-पक वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता पर विचार रखा। बैठक में गो सम्मान आवाहन अभियान की प्रयागराज कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। अभियान को ग्राम स्तर तक पहुंचाने, अधिकाधिक गौसेवकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने तथा आगामी जनसमर्थन एवं ज्ञापन कार्यक्रमों के लिए संघटनात्मक तैयारी करने पर विचार किया गया।

